भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया राजस्थान फाउंडेशन
जारी किए तीन हेल्पलाइन नम्बर
–ताकी अकेला ना रहे कोई राजस्थानी

तुर्की और सीरिया में आए भीषण भूकंप के शिकार हुए लोगों की मदद के लिए राजस्थान फाउंडेशन आगे आया है। राजस्थान फाउंडेशन ने इस त्रासदी में त्रस्त लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए हैं। यह हेल्पलाइन नम्बर नॉन रेजीडेंट राजस्थानियों (एनआरआर) की मदद का कार्य करेंगे।

यदि किसी को मदद की जरूरत है तो वे इन हेल्पलाइन नंबर 0141–2229111, 011–23070807 और 91 83060 09838 पर संपर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि राजस्थान फाउंडेशन हर राजस्थानी की मदद करने के लिए हमेशा सबसे आगे रहता है। राजस्थान फाउंडेशन ने यह सुनिश्चित करने के लिए ये हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किए हैं कि इस संकट के दौरान कोई भी राजस्थानी अकेला ना रहे। **इस कार्य में विभिन्न पड़ोसी देशों में बसे एनआरआर मित्र भी साथ जुड़े हैं और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए काम कर रहे हैं।** राजस्थान फाउंडेशन इस आपदा से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए एनआरआर मित्रों के साथ लगातार समन्वय कर रहा है।

राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त श्री धीरज श्रीवास्तव ने कहा, हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत हमेशा हमारे प्रवासी समुदाय की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहे हैं और विशेष रूप से संकट की स्थितियों के दौरान सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है कि प्रभावित राजस्थानियों की मदद की जाए।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि सभी प्रभावित व्यक्तियों को जल्द से जल्द आवश्यक सहायता मिले और राज्य सरकार आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इन हेल्पलाइन नंबरों को शुरू करने का उद्देश्य प्रवासी समुदाय को आवश्यक राहत और सहायता प्रदान करना है। राजस्थान फाउंडेशन अपने सभी प्रवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं और एनआरआर मित्रों के नेटवर्क ने भी राजस्थानी समुदाय को सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, जिन्हें तुर्की और सीरिया में मदद की जरूरत है।